UP Board Solutions for Class 7 Hindi Chapter 15 तानसेन (महान व्यक्तित्व)

अभ्यास-प्रश्न

प्रश्न 1:
तानसेन का वास्तविक नाम क्या था?
उत्तर:
तानसेन का वास्तविक नाम तन्ना मिश्र था।

प्रश्न 2:
तानसेन ने संगीत किन-किन लोगों से सीखा?
उत्तर:
तानसेन ने संगीत स्वामी हरिदास और स्वामी हजरत मुहम्मद गौस से सीखा।

प्रश्न 3:
अकबर का तानसेन से परिचय कैसे हुआ?
उत्तर:
अकबर ने रीवाँ नरेश के दरबार में तानसेन का गाना सुना, वहीं दोनों परिचय हुआ।

प्रश्न 4:
तानसेन की सफलता का मूल आधार क्या है?
उत्तर:
तानसेन की सफलता का मूल आधार उनकी कार्य के प्रति निष्ठा तथा निरन्तर कठिन अभ्यास ।' की आदत थी।

प्रश्न 5:
सही विकल्प छाँटकर लिखिए (सही विल्कप छाँटकर)
(क) तानसेन को सर्वप्रथम संगीत की शिक्षा

- स्वामी नरहरिदास ने दी थी।
- **स्वामी हरिदास ने दी थी।**
- हजरत मुहम्मद गौस ने दी थी।
- रीवाँ नरेश ने दी थी।

(ख) संगीत से प्रभावित होकर अकबर ने तानसेन को

- पुरस्कार दिया ।
- संगीत शिक्षक बना दिया।
- मंत्री बना दिया।
- **नवरत्नों में स्थान दिया।**

प्रश्न 6:

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (पूर्ति करके)

- संगीत की विभिन्न रागों-रागिनियों में पारंगत होने के बाद तन्ना मिश्र **तानसेन** नाम से विख्यात हुए।
- तानसेन की सफलता का मूल आधार उनकी कार्य के प्रति **निष्ठा** तथा निरन्तर **कठिन अभ्यास** की आदत थी।
- कठोर परिश्रम एवं लगन से व्यक्ति निश्चय ही उन्नति के शिखरों पर चढ़ सकता है।

https://www.evidyarthi.in/